(REVISED COURSE)

(3 Hours) [**Total Marks : 100**

सूचना : (१) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।

(२) उत्तर पुस्तिका पर प्रश्न क्रमांक/उप प्रश्न क्रमांक **अवश्य** लिखें ।

(३) **आइ. डी. ई (पत्राचार)** के विद्यार्थी उत्तर पुस्तिका के **मुख पृष्ठ** पर **आइ. डी. ई. (पत्राचार) अवश्य** लिखें ।

१. निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :- २०

(क) आँख से मस्ती झपकती
बात से मस्ती टपकती
थी हँसी ऐसी जिसे सुन
बादलों ने शर्म खाई
वह गई तो ले गई
उल्लास के आधार माना
पर अथिरता पर समय की
मुस्कुराना कब मना है ?

अथवा

स्वतंत्रता के दावेदार
इन्क़लाब ज़िन्दाबाद
नहीं किसी को है अधिकार
इन्क़लाब ज़िन्दाबाद
करे किसी पर अत्याचार
इन्क़लाब ज़िन्दाबाद ।

(ख) कल मुख कमल से अच्छी बातें कहते हुए जो पिट गये थे , वह इस चित्र में मुस्कुराते हुए पालम हवाई अड्डे पर विदेशी अतिथि का स्वागत कर रहे हैं । विदेशी राज अतिथि की मुस्कान इतनी अच्छी है कि लगता है, वे भी अपने देश से पिटकर हवाई जहाज में बैठे होंगे । बिना पिटे ऐसी अच्छी मुस्कान नहीं आ सकती ।

अथवा

ठीक ढंग से बोले गये झूठ को सत्य कहते हैं । वह आत्मविश्वास बटोरकर चारो तरफ देखता है । आत्मविश्वासपूर्ण झूठ सत्य माना जाता है । आत्मविश्वासहीन सत्य भी झूठ हो जाता है । सत्य दिखाने के लिए झूठ को 'मेकअप' भी चाहिए ।

२. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- ३०

(क) बच्चन की कविताओं की प्रेरणा का स्रोत उनके जीवन की अनुभूतियाँ हैं-इस कथन की समीक्षा पठित कविताओं के आधार पर कीजिए ।

अथवा

'जो बीत गई सो बात गई' कविता में कवि की भावी जीवन के प्रति आस्था को स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'ग्रांट अभी तक नहीं आई' निबंध का व्यंग्य स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

हरिशंकर परसाई के निबंधों में आजाद भारत का राजनीतिक परिदृश्य कैसे उभरा है ? अपने शब्दों में लिखिए ।

३. निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिये :- २०

(क) 'बुध्द और नाचघर' कविता का व्यंग्य ।

अथवा

'मधुशाला' कविता में कवि की अंतमि इच्छा ।

(ख) 'वह जो आदमी है न' के आधार पर भारतीय प्रवृत्ति ।

अथवा

कृष्ण का चुनावी संघर्ष (हम बिहार में चुनाव.......)

४. (क) 'लहरों का निमंत्रण' कविता में कवि 'लहरों के निमंत्रण' की चुनौती क्यों स्वीकार करता है ? अपने शब्दों में बताइये । २०

अथवा

'अग्निपथ' कविता के मूल स्वर को रेखांकित कीजिए ।

(ख) 'दूसरे की महिमा ढोनेवाले' निबंध का आशय स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

'बरात की वापसी' निबंध में वर्णित परसाईंजी की यात्रा का वर्णन कीजिए ।

५. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए । १०

(१) बच्चन की मधुशाला में पीनेवाले कौन लोग हैं ?
(२) 'सुन काल प्रबल का गुरु गर्जन' गायक-नायक सिंधु क्या करना चाहेगा ?
(३) बौध्द भिक्षुक-भिक्षुणी किस मंत्र का उच्चारण करते हैं ?
(४) 'क्या भूलूँ क्या याद करुँ' साहित्य की कौनसी विधा है ?
(५) बच्चनजी के काव्य में 'हाता' शब्द किस अर्थ में प्रयुक्त हुआ है ?
(६) समाजवाद गाँव के बाहर टीले पर क्यों खड़ा है ?
(७) गणतंत्र को किन हाथों की ताली मिलती है ?
(८) कृष्ण का अपने वोट-बँक के लिए किस पर सबसे ज्यादा विश्वास था ?
(९) लेखक किस नाम से बिहार गये थे ?
(१०) लेखक के अनुसार जेब काटने का गौरव मनुष्य को किसने दिया है ?